हिंदुस्तान जिंक ने शुरू किया 'वूमन ऑफ जिंक' अभियान



उदयपुर, 8 मार्च (पंजाब केसरी) : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने "वूमन ऑफ जिंक" अभियान की शुरुआत की। यह पहल मेटल, माइनिंग और मेन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में महिलाओं के लिए रोजगार अवसरों को उजागर करने और पारंपरिक रूप से पुरुष प्रधान इन उद्योगों में लैंगिक विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए की गई है।

हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अरुण मिश्रा ने कहा कि "मेटल और माइनिंग क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना आवश्यक है। हमारा लक्ष्य 2030 तक महिला कार्यबल को 30% तक ले जाना है।" कंपनी बैकशिफ्ट में महिलाओं को शामिल कर समान करियर अवसर सुनिश्चित कर रही है।

इस अभियान के तहत महिलाओं की प्रेरक कहानियों को एक वीडियो सीरीज़ के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही, हिंदुस्तान जिंक की "सखी उत्सव" पहल के तहत 10,000 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को सशक्त किया गया।